**भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड/ BHARAT ELECTRONICS LIMITED**
**राष्ट्रीय विपणन, नई दिल्ली / National Marketing, New Delhi**
**7वा तल, ब्लॉक- II, प्लेट-ए एनबीसीसी कॉम्प्लेक्स / 7th Floor, Block-II, Plate-A, NBCC Complex**
**पूर्वी किदवई नगर, नई दिल्ली/ East Kidwai Nagar, New Delhi-110023**

**भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) एक नवरत्न कंपनी और पेशेवर इलेक्ट्रॉनिक्स में एक प्रमुख भारतीय सरकारी लिमिटेड कंपनी है जिसमें सैन्य रडार, नौसेना प्रणाली, हथियार और अग्नि नियंत्रण संचार, होमलैंड सुरक्षा, रणनीतिक संचार और मानव रहित प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, टैंक इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रो ऑप्टिक्स के क्षेत्रों में 350 से अधिक विभिन्न उत्पादों का पोर्टफोलियो है। बीईएल को रक्षा बलों में सेवारत/ सेवानिवृत्त अधिकारी तत्काल नियोजन/ पुनर्नियोजन और स्थायी आधार पर दिल्ली, विशाखापत्तनम, मुंबई और कारवार कार्यालयों में वरिष्ठ उप-महाप्रबंधक ई- VIA ग्रेड (पदों की कुल संख्या-06) में आवश्यकता है । इसका विवरण निम्नवत है:-**

Bharat Electronics Limited (BEL) is a Navaratna Company and a premier Indian Public Limited Company in Professional Electronics with a portfolio of over 350 different products in the areas of Military Radars, Naval Systems, Weapon & Fire Control Communication, Homeland Security, Strategic Communication & Unmanned System, Electronic Warfare, Tank Electronics and Electro Optics. BEL has a requirement of personnel from Defence Forces who are retired / serving officers on immediate absorption / re-employment basis for the post of **Sr. Deputy General Manager** in **E-VIA GRADE** (Total 06 Posts) at Delhi, Vishakhapatnam, Mumbai & Karwar on **Permanent Basis.** The details are as under:-

**भारत इलेक्ट्रॉनिक्स**
**BHARAT ELECTRONICS**

| पद<br>Post | अर्हता/<br>Qualification / Percentage of marks | पदों की सं.<br>No. Of Posts | आरक्षण<br>Reserv-ation | ऊपरी आयु सीमा/<br>Upper age limit as on 01-09-2026 | अनुभव<br>Experience as on 01-09-2026 | पात्रता के लिए सशस्त्र बलों में पद<br>Rank in Armed Forces for Eligibility |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वरिष्ठ उप-महाप्रबंधक (ई-VIA श्रेणी) पूर्व नौसेना<br>Sr. DGM (E-VIA Grade)<br>**Ex-Navy** | B.E. / B. TECH (Any Discipline) –<br>Pass Class | 4 पद / 4 posts<br>एनएम (दिल्ली)-01, डबल्यूएफएस विशाखापट्टनम, मुंबई और कारवार-01 प्रत्येक<br>NM (Delhi)-01<br>WFS Vishakhapatnam, Mumbai & Karwar-01 each | अनारक्षित-05, अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल)-01<br>UR-05 , OBC (NCL) - 01, | सामान्य-52 वर्ष अन्य पिछड़ा वर्ग-55 वर्ष<br>Gen - 52 Years OBC- 55 Years | रक्षा बलों में न्यूनतम 20 वर्षों की सेवा।<br>Minimum **20** years of service in Defence Forces | कर्नल (भारतीय सेना / कैप्टन (भारतीय नौसेना) / ग्रुप कैप्टन (वायु सेना) में **2** वर्ष की वरिष्ठता के साथ<br>Col. (Indian Army) / Captain (Indian Navy) / Group Captain (Air Force) with 2 years seniority in the rank |
| वरिष्ठ उप-महाप्रबंधक (ई-VIA श्रेणी) पूर्व सेना<br>Sr. DGM (E-VIA Grade)<br>**Ex-Army** | | एनएम (दिल्ली)-01<br>NM (Delhi)-01 | | | | |
| वरिष्ठ उप-महाप्रबंधक (ई-VIA श्रेणी) पूर्व वायु सेना<br>Sr. DGM (E-VIA Grade)<br>**Ex-Air Force** | | एनएम (दिल्ली) -01<br>NM (Delhi)-01 | | | | |

**नोट: अभ्यर्थियों, जो सेवानिवृत हो गए है, को विज्ञापन की तारीख को रक्षा सेवाओं से 5 वर्षों के भीतर निवृत किया गया होना चाहिए ।**

Note: Candidates, who are retired, should have been discharged within 5 years from Defence Services as on the date of advertisement.

## कार्य का विवरण / Job Description:

**वरिष्ठ उप महाप्रबंधक (एनएम/ सेना)/ Sr. DGM / National Marketing (NM) / Army**

- **उम्मीदवार को सभी कारोबारी जरूरतों और कारोबारी विकास के लिए मुख्य रूप से बीईएल की रणनीतिक कारोबारी यूनिटों (एसबीयू) और सेना मुख्यालय/ रक्षा मंत्रालय/ डीजीक्यूए/ डीआरडीओ/ अन्य पीएसयू के बीच तकनीकी समन्वय और संपर्क स्थापित करने का कार्य करना होगा।**
  The candidate is required to primarily undertake technical coordination and liaising between BEL's Strategic Business Units (SBUs) and Army HQ / MoD / DGQA / DRDO / other PSUs for all business needs and business development.
- **उम्मीदवार को बीईएल और उसके उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रदर्शनों, प्रस्तुतियाँ देना, प्रदर्शनियां और सेमिनार में भाग लेना होगा ।**

The candidate is required to participate in various product demonstrations, make presentations, and attend exhibitions and seminars to promote BEL and its products.

- **उम्मीदवार बीईएल के कारोबारी हितों को आगे बढ़ाने के लिए ग्राहकों और अन्य संबंधित लोगों के साथ अनौपचारिक और औपचारिक नेटवर्क स्थापित करना और बनाए रखना होगा ।**

  The candidate is also required to establish and maintain informal and formal networks with customers and other people of concern to further BEL's business interests.
- **आवेदक के पास भारतीय सेना को आपूर्ति किए गए / अपेक्षित उत्पादों / प्रणालियों का संबंधित अनुभव और ज्ञान होना चाहिए।**

  The applicant is required to have relevant experience and knowledge of products / systems supplied to as well as required by the Indian Army.
- **उम्मीदवार से अपेक्षा की जाती है कि वे कारोबारी अभिवृत्ति, विपणन में रूझान और कारोबारी प्रबंधन पद्धतियों तथा विभिन्न रक्षा खरीद प्रक्रियाओं / नीतियों में अच्छी जानकारी रखते हों।**

  The candidate is expected to have business aptitude, flair for marketing and sound knowledge of business management practices and various Defence Acquisition Procedures / policies.
- **उम्मीदवार से कारोबारी परिवेश स्कैन करना, प्रतिस्पर्धा के बारे में बाजार की जानकारी प्राप्त करना और संतोषजनक ग्राहक सहायता प्रदान करने में सहायता प्रदान करना अपेक्षित है।**

  The candidate is required to carry out environmental scan, gather market intelligence on competition and assist in delivering satisfactory customer support.
- **एक सही उम्मीदवार के पास उच्च स्तर की पहल करने और उत्कृष्ट संचार कौशल की प्रतिभा होनी चाहिए।**

  The right candidate should possess high level of initiative and have excellent communication skills.
- **ऐसे उम्मीदवार जिन्हें पूंजीगत/ राजस्व खरीद में अनुभव है और जिन्हें सेना मुख्यालय/ कमान में स्टाफ की नियुक्ति का अनुभव है, को लाभ मिल सकता है।**

  Candidates who have held staff appointments at Army HQ/ Commands with experience in capital / revenue procurements may have an advantage.
- **प्रबंधन द्वारा सौंपे गए अन्य कार्यों/दायित्वों का निर्वहन करना।**

  Performing any other roles / responsibilities assigned by the Management

**वरिष्ठ उप महाप्रबंधक (एनएम./ वायु सेना)/ Sr. DGM / National Marketing (NM) / Air Force**

- **उम्मीदवार को सभी कारोबारी जरूरतों और कारोबारी विकास के लिए मुख्य रूप से बीईएल की रणनीतिक कारोबारी यूनिटों (एसबीयू) और वायुसेना मुख्यालय / रक्षा मंत्रालय / डीजीएक्यूए / डीआरडीओ / प्रमाणन एजेंसियां (सीईएमआईएलएसी/आरसीएमए) / अन्य पीएसयू के बीच कारोबारी जरूरते और व्यापार विकास का कार्य करना होगा ।**

  The candidate is required to primarily undertake technical coordination and liaising between BEL's Strategic Business Units (SBUs) and AHQ/ MoD/ DGAQA/ DRDO/

Certifying Agencies (CEMILAC / RCMA) / Other PSUs for all business needs and business development.

- **उम्मीदवार को बीईएल और उसके उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रदर्शनों में भाग लेना, प्रस्तुतियाँ देनी और प्रदर्शनियां और सेमिनार में भाग लेना होगा ।**
  The candidate is required to participate in various product demonstrations, make presentations, and attend exhibitions and seminars to promote BEL and its products.
- **उम्मीदवार बीईएल के कारोबारी हितों को आगे बढ़ाने के लिए ग्राहकों और अन्य संबंधित लोगों के साथ अनौपचारिक और औपचारिक नेटवर्क स्थापित करना और बनाए रखना होगा ।**
  The candidate is also required to establish and maintain informal and formal networks with customers and other people of concern to further BEL's business interests.
- **आवेदक के पास भारतीय वायुसेना को आपूर्ति किए गए / अपेक्षित उत्पादों / प्रणालियों का संबंधित अनुभव और ज्ञान होना चाहिए।**
  The applicant is required to have relevant experience and knowledge of products / systems supplied to as well as required by the Indian Air Force.
- **उम्मीदवार से अपेक्षा की जाती है कि वे कारोबारी अभिवृत्ति, विपणन में प्रवीणता और कारोबारी प्रबंधन पद्धतियों तथा विभिन्न रक्षा खरीद प्रक्रियाओं / नीतियों में अच्छी जानकारी रखते हों।**
  The candidate is expected to have business aptitude, flair for marketing and sound knowledge of business management practices and various Defence Acquisition Procedures / policies.
- **उम्मीदवार को परिवेशी स्कैन करना, प्रतिस्पर्धा के बारे में बाजार की जानकारी प्राप्त करना और संतोषजनक ग्राहक सहायता प्रदान करने में सहायता प्रदान करना अपेक्षित है।**
  The candidate is required to carry out environmental scan, gather market intelligence on competition and assist in delivering satisfactory customer support.
- **सही उम्मीदवार के पास उच्च स्तरीय पहल होनी चाहिए और उसके पास उत्कृष्ट संचार कौशल होना चाहिए।**
  The right candidate should possess high level of initiative and have excellent communication skills.
- **ऐसे उम्मीदवार जिन्हें पूंजीगत / राजस्व खरीद में अनुभव है और जिन्हें वायुसेना मुख्यालय/ कमान में स्टाफ की नियुक्ति का अनुभव है, को लाभ दिया जा सकता है।**
  Candidates who have held staff appointments at Air HQ / Commands with experience in capital / revenue procurements may have an advantage.
- **प्रबंधन द्वारा सौंपे गए अन्य कार्यों/दायित्वों का निर्वहन करना।**
  Performing any other roles / responsibilities assigned by the Management

वरिष्ठ उप महाप्रबंधक (एनएम./ नौसेना)/ Sr. DGM / National Marketing (NM) / Navy

- उम्मीदवार को सभी कारोबारी जरूरतों और कारोबारी विकास के लिए मुख्य रूप से बीईएल की रणनीतिक कारोबारी यूनिटों (एसबीयू) और नौसेना मुख्यालय / रक्षा मंत्रालय / डीजीक्यूए / डीआरडीओ / अन्य पीएसयू के बीच कारोबारी जरूरते और व्यापार विकास का कार्य करना होगा ।
  The candidate is required to primarily undertake technical coordination and liaising between BEL's Strategic Business Units (SBUs) and Navy HQ / MoD / DGQA / DRDO / Other PSUs for all business needs and business development.
- उम्मीदवार को बीईएल और उसके उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रदर्शनों में भाग लेना, प्रस्तुतियाँ देनी और प्रदर्शनियां और सेमिनार में भाग लेना होगा ।
  The candidate is required to participate in various demonstrations, make presentations, and attend exhibitions and seminars to promote BEL and its products.
- उम्मीदवार बीईएल के कारोबारी हितों को आगे बढ़ाने के लिए ग्राहकों और अन्य संबंधित लोगों के साथ अनौपचारिक और औपचारिक नेटवर्क स्थापित करना और बनाए रखना होगा ।
  The candidate is also required to establish and maintain informal and formal networks with customers and other people of concern to further BEL's business interests.
- आवेदक के पास भारतीय नौसेना को आपूर्ति किए गए / अपेक्षित उत्पादों / प्रणालियों का संबंधित अनुभव और ज्ञान होना चाहिए।
  The applicant is required to have relevant experience and knowledge of products / systems supplied to as well as required by the Indian Navy.
- उम्मीदवार से अपेक्षा की जाती है कि वे कारोबारी अभिवृत्ति, विपणन में प्रवीणता और कारोबारी प्रबंधन पद्धतियों तथा विभिन्न रक्षा खरीद प्रक्रियाओं / नीतियों में अच्छी जानकारी रखते हों।
  The candidate is expected to have business aptitude, flair for marketing and sound knowledge of business management practices and various Defence Acquisition Procedures / policies.
- उम्मीदवार को परिवेशी स्कैन करना, प्रतिस्पर्धा के बारे में बाजार की जानकारी प्राप्त करना और संतोषजनक ग्राहक सहायता प्रदान करने में सहायता प्रदान करना अपेक्षित है।
  The candidate is required to carry out environmental scan, gather market intelligence on competition and assist in delivering satisfactory customer support.
- एक सही उम्मीदवार के पास उच्च स्तर पहल करने की और उत्कृष्ट संचार कौशल की प्रतिभा होनी चाहिए।
  The right candidate should possess high level of initiative and have excellent communication skills.
- ऐसे उम्मीदवार जिन्हें पूंजीगत/ राजस्व खरीद में अनुभव है और जिन्हें नौसेना मुख्यालय/ कमान में स्टाफ की नियुक्ति का अनुभव है, को लाभ दिया जा सकता है।
  Candidates who have held staff appointments at Naval HQ / Commands with experience in capital / revenue procurements may have an advantage.
- प्रबंधन द्वारा सौंपे गए अन्य कार्यों/दायित्वों का निर्वहन करना।

Performing any other roles / responsibilities assigned by the Management

**वरिष्ठ उप महाप्रबंधक (डबल्यूएफएस-विशाखापट्टनम, मुंबई, कारवार)**

**Sr. DGM / Water Front Support (WFS) -Vishakhapatnam, Mumbai, Karwar**

**अभ्यर्थी को नौसेना और बीईएल के संबंधित हितधारकों के साथ डबल्यूएफएस के निम्नलिखित कार्यकलापों का समन्वय करना होगा** :

The candidate is required to coordinate the following activities of WFS with respective stakeholders from Navy and BEL:

- **नौसेना के प्लेटफार्मों पर बीईएल के उत्पादों, प्रणालियों और सेवाओं का उपक्रम वारंटी / एएमसी / आरआरसी कार्य करना होगा ।**
  Undertaking Warranty/ AMC/ RRC activities of BEL's products, systems and services on board naval platforms.
- **बीईएल के उत्पादों, प्रणालियों और सेवाओं के एसटीडबल्यू, एचएटीएस और एसएटी के लिए तकनीकी, प्रशासनिक और अन्य लॉजिस्टिक कार्य करना होगा ।**
  Undertaking technical, administrative and other logistic activities for the STW, HATS and SATs of BEL's products, systems and services.
- **मैटीरियल संगठनों और डबल्यूईडी में प्राप्त बीईएल के उत्पादों, प्रणालियों और सेवाओं का जेआरआई कार्य करना होगा ।**
  Undertaking JRI of BEL's products, systems and services received at Material Organizations and WEDs.
- **नौसेना के प्लेटफार्मों पर बीईएल के उत्पादों, प्रणालियों और सेवाओं का स्वास्थ्य लेखा-परीक्षा करना।**
  Conducting health audit of BEL's products, systems and services on board naval platforms.
- **एसबीयू/यूनिटों के संपर्क में रहते हुए बीईएल के उत्पादों, प्रणालियों और सेवाओं के लिए आईएन जहाजों को डीआई/डीआर सहायता प्रदान करना।**
  Providing DI / DR support to IN Ships for BEL's products, systems and services in liaison with SBUs / Units.
- **प्रबंधन द्वारा सौंपे गए अन्य कार्यों/दायित्वों का निर्वहन करना।**
  Performing any other roles / responsibilities assigned by the Management

**आबंध एवं पारिश्रमिक शर्तें/ Terms of Engagement & Remuneration**

**वरिष्ठ उप महाप्रबंधक स्थायी आधार पर (ई-VIA श्रेणी): चयनित उम्मीदवारों को रु. 90,000/- 3%-रु. 2,40,000 + स्वीकार्य भत्तों के न्यूनतम वेतनमान के साथ ग्रेड ई VIA में स्थायी आधार पर नियुक्त किया जाएगा । मूल वेतन के अलावा अन्य भत्ते जैसे महंगाई भत्ता, एच. आर. ए., मूल वेतन के** 35% **हिस्से के**

**रूप में अनुलाभ, पी. एफ., ग्रेच्युटी, पेंशन, समूह बीमा, निष्पादन संबंधी वेतन. कंपनी के नियमों के अनुसार स्वयं और आश्रित परिजनों आदि के लिए चिकित्सा प्रति पूर्ति वेतन पैकेज का हिस्सा होगी ।**

**Sr. DGM on Permanent Basis (E-VIA Grade):** Selected candidates will be placed in Grade E-VIA in the minimum of Pay Scale of Rs 90,000/- - 3% - Rs 2,40,000 + admissible allowances. In addition to basic pay, other allowances like Dearness Allowance, HRA, 35% of basic pay as perks, PF, Gratuity, Pension, Group Insurance, Performance Related Pay, Medical Reimbursement for self and dependent family members etc. as per the Company rules will be a part of the pay package.

**चयन प्रक्रिया / SELECTION PROCEDURE** :

- **वरिष्ठ उप महाप्रबंधक स्थायी आधार पर (ई-VIA श्रेणी): विज्ञापन में उल्लिखित मानदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। निर्धारित मानदंडों के आधार पर उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।**
  **Sr. DGM on Permanent Basis (E-VIA Grade):** The candidates meeting the selection criteria mentioned in the advertisement will be shortlisted for the selection process. On the basis of the stipulated eligibility criteria, candidates shall be called for the interview.

- **अंतिम चयन का परिणाम बीईएल की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाएगा।**
  The results of the final selection will be made available on BEL website.

- **चयनित अभ्यर्थियों को अनंतिम नियुक्ति आदेश ई-मेल द्वारा जारी किया जाएगा।**
  Provisional appointment order will be issued to the selected candidate by email.

**आवेदन की प्रक्रिया/ HOW TO APPLY**:

- **ऐसे उम्मीदवार जो विज्ञापन में दर्शाए गए उपर्युक्त पद के लिए आवेदन करना चाहते हैं, वे विज्ञापन के सामने दिए गए लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं । ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तारीख 06-10-2026 है।**

Candidates who are desirous of applying for the post indicated in the advertisement may apply online by clicking the link provided against the advertisement. The last date to submit online application is 06-10-2026.

- **अभ्यर्थियों को विज्ञापन में दिए गए सभी अनुदेशों को पढ़ना होगा और ऑनलाइन आवेदन पत्र में सभी जानकारी सही ढंग से देनी होगी और जमा करने से पहले उसका सत्यापन करना होगा, क्योंकि आवेदन पत्र जमा करने के बाद परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

Candidates are required to read all the instructions given in the advertisement and enter all information correctly in the online application form and verify the same before submission as changes shall not be permitted after submission of the application form.

- **यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक आवेदन करता है तो नवीनतम पंजीकरण संख्या के साथ किए गए आवेदन पर ही विचार किया जाएगा।**

If a candidate submits more than one application, the application with the latest registration number shall only be considered.

**सामान्य शर्तें / General conditions** :

• **केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन कर सकते हैं।**
Only Indian Nationals can apply.

• **इन पूर्व-सैनिक पदों के लिए आवेदन शुल्क लागू नहीं है।**
There is no application fee for ex-servicemen posts.

• **सेवारत/ सेवानिवृत्त अधिकारी तत्काल नियोजन/ पुनर्नियोजन के आधार पर आवेदन कर सकते हैं।**
Serving/ retired officers can apply on immediate absorption / re-employment basis.

• **ऐसे आवेदन जो अपूर्ण हैं, निर्धारित प्रारूप में नहीं हैं, बिना स्पष्ट अनुलग्नकों के, बिना संबंधित दस्तावेजों के, बिना कोई कारण बताए सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिए जाएंगे और इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा। चयन न होने पर किसी भी चरण में किसी भी अभ्यर्थी को अलग से सूचित नहीं किया जाएगा।**
Applications that are incomplete, without the relevant/ legible enclosures will be summarily rejected without assigning any reason and no correspondence in this regard will be entertained. There will be no separate communication to candidates on their non-selection at any stage.

• **अभ्यर्थियों को चाहिए के वे अपनी एक वैध ई-मेल आईडी दें, जिसे आवेदन-पत्र में दर्ज किया जाएगा। शोर्टलिस्टेड अभ्यर्थियों को साक्षात्कार संबंधी सूचना केवल ई-मेल द्वारा दी जाएगी। अभ्यर्थी को भेजे गए किसी भी ई-मेल के बाउन्स होने पर बीईएल जिम्मेदार नहीं होगा। समस्त पत्राचार केवल ई-मेल द्वारा ही किया जाएगा।**
Candidates are required to provide their one valid e-mail ID which shall be entered in the application form. Information pertaining to the interview will be sent to the shortlisted candidates only by e-mail. BEL will not be responsible for bouncing of any e-mail sent to the candidate. All correspondence will be done through e-mail only.

• **अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति वर्गों से संबंधित अभ्यर्थियों को अनारक्षित (यूआर) रिक्तियों पर विचार करने के लिए यू. आर. श्रेणी के लिए अधिसूचित पात्रता मानदंडों को पूरा करना होगा। दूसरे शब्दों में, अनारक्षित पदों के लिए आवेदन करने वाले अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति वर्गों के अभ्यर्थियों को योग्यता के सामान्य मानक के तहत माना जाएगा और उनके लिए कोई ढील उपलब्ध नहीं होगी।**
Candidates belonging to SC / ST category should meet the eligibility norms notified for UR category for consideration against unreserved (UR) vacancies. In other words, SC/ ST candidates applying for unreserved posts shall be considered under general standard of merit and no relaxations shall be available for the candidates.

• **चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति तभी होगी, बशर्ते कि वह कंपनी के मेडिकल फिटनेस मानकों के अनुसार कंपनी चिकित्सा अधिकारियों द्वारा चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त पाएँ जाए। चयनित अभ्यर्थी जिसे**

**नियुक्ति हेतु रिपोर्ट करने के लिए बुलाया गया है, को सिविल सर्जन / सहायक सिविल सर्जन द्वारा स्वयं की चिकित्सकीय जाँच करवानी होगी और कंपनी की आवश्यकतानुसार मेडिकल रिपोर्ट जमा करनी होगी।**
Appointment of the selected candidate will be subject to being found Medically Fit by the Company's medical authorities as per the medical fitness standards laid down by the Company. The candidate who is called to report on selection should get himself/herself medically examined by a Civil Surgeon/Asst. Civil Surgeon and submit the medical report as per the requirement of the Company.

**• चयन प्रक्रिया के दौरान किसी भी तरह से / किसी भी चरण में प्रवेश पूर्णत: अनंतिम होगा । अभ्यर्थी को केवल प्रवेश–पत्र जारी करने/ साक्षात्कार हेतु बुलाने आदि का यह अर्थ नहीं होगा कि बीईएल द्वारा उसके आवेदन-पत्र पर विचार कर लिया गया है। केवल पद हेतु आवेदन करने से यह न समझा जाए की चयन हो गया हैं ।**
The admission at all / any stage of selection process will be purely provisional. Mere issue of Admit Card for interview shall not imply that the candidature has been accepted by BEL. Mere applying for the post shall not be deemed as selection.

**• किसी भी तरह से अपने पक्ष में प्रचार का परिणाम अयोग्यता सिद्ध होगा।**
**Canvassing in any form will result in disqualification.**

**• पेशेवर अर्हतोत्तर अनुभव के संबंध में चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा। सहायक दस्तावेजों के बिना दर्शाए गए कार्य अनुभव पर विचार नहीं किया जाएगा और यह बिना किसी पूर्व सूचना के अस्वीकार/ रद्द किया जा सकता है।**
The decision of the Selection Committee with respect to professional post-qualification experience will be final. Work experience indicated without supporting documents will not be considered and is liable to be rejected / cancelled without any prior intimation.

**•बीईएल चयन के समय वास्तविक आवश्यकता के आधार पर विस्तृत विज्ञापन में दर्शाए गए किसी भी मानदंड, चयन की विधि, पदों की संख्या और पदों के स्थानों को बदलने (रद्द/संशोधित/जोड़ने) का अधिकार सुरक्षित रखती है।**
BEL reserves the right to change (cancel/ modify/ add) any of the criteria, method of selection, number of posts & locations of posts as indicated in the detailed advertisement based on the actual requirement at the time of selection.

**• अभ्यर्थियों की संक्षिप्त सूची आवेदन पत्र में अभ्यर्थियों द्वारा घोषित सूचना के आधार पर तैयार की जाएगी। यदि चयन के किसी अन्य चरण में, यह पाया जाता है कि अभ्यर्थियों ने अपने प्रत्यय-पत्रों के संबंध में झूठी सूचना घोषित की है, तो बीईएल चयन के किसी भी चरण में उन्हें निषिद्ध करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।**
Short listing of candidates will be carried out purely based on the information declared by candidates in the application form. If, at any further stage of selection, it is found that candidates have provided false information w.r.t. their credentials, BEL reserves the right to debar them at any stage of selection.

• आवेदन पत्र में घोषित मेलिंग एड्रेस/ ई-मेल आईडी/ श्रेणी/ डिग्री में परिवर्तन का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

Request for change of mailing address / E-mail ID / Category / Degree as declared in the application form will not be accepted.

• साक्षात्कार के चरण में यात्रा भत्ता (टीए)-बाहरी उम्मीदवारों को आने और वापसी की यात्रा के संबंध में टिकटों/ सहायक दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने पर, अपने पत्राचार पते से या प्रस्थान के वास्तविक स्थान से जो भी कम हो, रेल किराए की प्रतिपूर्ति कम से कम मार्ग से की जाएगी । यात्रा भत्ते का भुगतान द्वितीय श्रेणी एसी ट्रेन के किराए तक सीमित है।

Travelling Allowance (TA) at Interview stage: Outstation candidates will be reimbursed to & fro rail fare by shortest route either from correspondence address or from actual place of departure, whichever is less, on production of tickets/supporting documents in respect of onward journey. The travelling allowance payment is restricted to II Tier AC train fare.

• उपर्युक्त विज्ञापन का कोई भी संशोधन, स्पष्टीकरण, परिशिष्ट, समय विस्तारण आदि बीईएल वेबसाइट के करियर खंड में दिए जाएंगे और प्रेस में कोई अलग अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखें।

Any revision, clarification, addendum, corrigendum, time extension etc. to the above advertisement will be hosted on the careers section of BEL website and no separate notification will be issued in the press. Candidates are advised to visit the website regularly to keep themselves updated.

<u>ऑनलाइन आवेदन करते समय अभ्यर्थियों द्वारा अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज:</u>

**<u>Documents to be uploaded by candidates while submitting online application:</u>**

**(1)** **फोटो**: हाल ही में क्लिक की गयी पासपोर्ट आकार की रंगीन फोटोग्राफ।
**Photo**: Recently clicked colour passport size photo of the candidate.

**(2)** **जन्म तिथि दस्तावेज: एसएसएलसी/ एसएससी/ आईएससी अंक पत्र या जन्म तिथि के साक्ष्य के रूप में कोई अन्य वैध दस्तावेज ।**
**DOB Document**: SSLC/ SSC/ ISC Marks Card or any other valid document as proof of date of birth.

**(3)** **शैक्षणिक योग्यता: संबंधित योग्यता की अंतिम डिग्री/ अन्तरिम डिग्री प्रमाण-पत्र, अंक-पत्र के साथ ।**
Educational Qualification: B.E./ B. Tech (Any Discipline) final degree certificate with mark sheets.

**(4)** **रक्षा बलों में सेवा, पद वरीयता और अनापत्ति प्रमाण-पत्र से संबंधित दस्तावेज**:
Proof of Defence Forces Service, Rank Seniority & NOC:

**क. सेवारत रक्षा अधिकारी:**

i. **सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त दस्तावेज स्पष्ट रूप से रक्षा बलों में सेवा के वर्षों, कार्यमुक्त होने की तारीख,पद वरीयता और चिकित्सा श्रेणी का उल्लेख करते हो ।**

ii. **रक्षा बलों से 'अनापत्ति प्रमाण-पत्र' ।**

a) Serving Defence Officers:

i. Documents from competent authority clearly indicating years of Defence Forces service, date of discharge, rank seniority and Medical category.

ii. 'No Objection Certificate' from Defence Forces.

**ख. सेवानिवृत्त रक्षा अधिकारी:**

i. **सेवा मुक्त करने के समय रक्षा बल से उन्मुक्ति पुस्तिका में स्पष्ट रूप से रक्षा बलों में सेवा के वर्षों, पद वरीयता और चिकित्सा श्रेणी का स्पष्ट उल्लेख किया गया हो ।**

ii. **वर्तमान नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाण-पत्र', यदि उसे सरकार/अर्ध सरकारी/सरकारी क्षेत्र के उपक्रम में स्थायी/नियत अवधि के आधार पर पुनः नियोजित किया गया हो ।**

b) Retired/ Re-employed Defence Officer:

i. Discharge Book from Defence Force clearly indicating years of Defence Forces service, Rank seniority & Medical category at the time of discharge.

ii. 'No Objection Certificate' from the current employer, if re-employed on permanent / Fixed term basis in Government / Quasi Government / Public Sector undertaking.

**नोट- यदि आवेदन प्रस्तुत करने के समय 'अनापत्ति प्रमाण-पत्र' प्रक्रिया में है तो उसके लिए आवेदन करने का दस्तावेजी प्रमाण-पत्र अपलोड किया जाए ।**

Note: In case 'NOC' is under process at the time of submission of application, documentary proof for applying of the same to be uploaded.

**(5)** **ओबीसी वर्ग का प्रमाण-पत्र।**
Copy of OBC certificate, if applicable.

**(6)** **पहचान का प्रमाण** (**आधार कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/मतदाता पहचान पत्र/पासपोर्ट**)
Identity Proof (Aadhar card / Driving License / Voter ID / Passport).

**<u>विशेष टिप्पणी</u>:**

**यदि आवेदक विज्ञापन में पद हेतु वर्णित पात्रता मापदंडों में से किसी को पूरा करने में विफल रहता है, तो चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में उसकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी। इस संबंध में प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा। यदि आपको विज्ञापन के बारे में कोई स्पष्टीकरण चाहिए तो** beldelhi@jobapply.in **पर ई-मेल भेजें**;

**<u>SPECIAL NOTE</u>:**

In case applicant fails to meet any of the eligibility criteria as stated in the advertisement for the post, the candidature will be cancelled at any point of selection process. The decision of the management in this regard would be final. In case of any clarifications regarding the advertisement kindly send an e-mail to beldelhi@jobapply.in

**कृपया ध्यान दें कि टेलिफोन कॉल्स, डाक, फैक्स आदि सहित अन्य किसी भी संचार माध्यम को स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

**Please note that no other form of communication will be entertained including telephone calls, Post etc.**

**अस्वीकरण:**

**बीईएल के पास एक मजबूत और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया है जहां चयन मानदंड पूरी तरह से उम्मीदवार की योग्यता पर आधारित है। बीईएल इस भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में कोई शुल्क या राशि जमा करने का अनुरोध नहीं करती है। हम नौकरी चाहने वालों से अनुरोध करते हैं कि वे हमारी कंपनी के प्रतिनिधि होने का दावा करने वाले और बीईएल में रोजगार के एवज में भुगतान की मांग करने वाले धोखेबाजों द्वारा किए गए किसी भी संवाद से गुमराह न हों। कंपनी ऐसे धोखाधड़ी के कार्यों से होने वाले किसी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं है।**

**बीईएल को ऐसे धोखेबाजों के खिलाफ अपराधिक कार्रवाई सहित कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार है।**

**Disclaimer:**

**BEL has a robust and transparent recruitment process where the selection criteria are purely based on merit of the candidate. BEL does not demand or request for money deposits at any stage of the recruitment process. We urge job seekers not to be misled by any communication made by fraudsters purporting to be representatives of our Company and demanding payment in lieu of employment in BEL. The Company is not liable for any loss that may ensue from such fraudulent actions. BEL reserves its right to take legal action including criminal action against such fraudsters.**

*****